चोरी के 14 मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

मकबूल अहमद

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव,क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी मय पुलिस टीम के द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 173/2024 धारा 303(2)ब्नहस, 317(2) ब्नहस थाना मल्हीपुर से सम्बन्धित दो अभियुक्तगण सुदामा पुत्र स्व0 राम विलास लोनिया और रमेश लोनिया पुत्र सुरेश लोनिया निवासीगण चिनाकुरी नुनियापारा थाना कुलटी जनपद वर्धमान पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया गया। व बाल अपचारी मंगला मण्डल पुत्र चपला मण्डल निवासी ग्राम रामपुरवा तीन पहाड़ साहेबगंज झारखण्ड को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। साथ ही साथ इनके कब्जे से चोरी किये गये 14 मोबाइल भी बरामद किये गये।

यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस टीम द्वारा बढ़ती दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जनपद के विभिन्न क्षेत्र में जाकर जागरूक किया। यातायात पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों, पिकअप आदि कमर्शियल वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया तथा आम जनमानस को दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने,चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने तथा गलत दिशा में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया तथा पंपलेट्स वितरित किए गए।